Ans. (a) : राजस्थान उच्च न्यायालय का उद्घाटन वर्ष 29 अगस्त, 1949 को राजप्रमुख महाराजा सवाई मानसिंह के द्वारा किया गया। 30 मार्च, 1949 ई. को जयपुर में सरदार पटेल द्वारा राजस्थान संघ का उद्घाटन किया। राजस्थान उच्च न्यायालय जोधपुर में स्थित है।

91. राजस्थान उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश बनने से पहले, जस्टिस पंकज मिथल कहाँ के मुख्य न्यायाधीश थे?

(a) पटना उच्च न्यायालय
(b) मद्रास उच्च न्यायालय
(c) गुजरात उच्च न्यायालय
(d) जम्मू-कश्मीर उच्च न्यायालय

Rajasthan CET (G. Level) 2022 Set-B

Ans. (d) : राजस्थान उच्च न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश जस्टिस पंकज मिथल थें। वे इससे पूर्व जम्मू-कश्मीर उच्च न्यायालय के मुख्य न्याधीश थे। राजस्थान उच्च न्यायालय के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश महेन्द्र मोहन श्रीवास्तव है।

92. वर्तमान में राजस्थान उच्च न्यायानय में न्यायाधिशों की संख्या है-

(a) 30 (b) 40
(c) 50 (d) 60

Rajasthan CET (G. Level) 2022 Set-B

Ans. (c) : राजस्थान हाइकोर्ट की स्थापना 29 अगस्त 1949 को की गई थी। आरंभिक दौरा में 11 जजों की नियुक्ति की गई थी। वर्तमान में राजस्थान हाइकोर्ट के जजों की संख्या 50 है। राजस्थान हाइकोर्ट के कार्यकारी मुख्य न्यायाधीश महेन्द्र मोहन श्रीवास्तव है। राजस्थान हाइकोर्ट जोधपुर में स्थित हैं

93. राजस्थान उच्च न्यायालय के निम्नांकित न्यायाधीशों में से कौन राजस्थान सरकार में राज्यमंत्री के पद पर आसीन रहे हैं?

(a) जस्टिस मोहम्मद यामीन
(b) जस्टिस सूरज नारायण डीडवानिया
(c) जस्टिस फारूख हसन
(d) जस्टिस यादराम मीणा

RPSC RAS (Pre) 2021

Ans. (c) : जस्टिस फारुख हसन राजस्थान उच्च न्यायालय में न्यायाधीश तथा राजस्थान राज्य सरकार में शिक्षा राज्यमंत्री के पद पर आसीन रहे हैं। इनका जन्म टोंक जिले के मालपुर कस्बे में हुआ था।

94. 'मुख्यमंत्री राजश्री योजना' के तहत कुल कितना अनुदान दिया जाता है?

(a) कुल 25,000 रु. का अनुदान
(b) कुल 30,000 रु. का अनुदान
(c) कुल 75,000 रु. का अनुदान
(d) कुल 50,000 रु. का अनुदान

RPSC Prayogshala Sahayak (Vigyan) 28-06-2022

Ans. (d) : बालिकाओं के समग्र विकास तथा उनके स्वास्थ्य एवं शैक्षणिक स्तर में सुधार लाने हेतु 1 जून 2016 को मुख्यमंत्री राजश्री योजना का प्रारम्भ राज्य सरकार द्वारा किया गया। जिसके तहत छः किस्तों में कुल 50 हजार रूपयें का परिलाभ लाभार्थी के माता-पिता/अभिभावक को दिया जायेगा।

95. 'अकिल कुरैशी' ने ______ पद पर 6 मार्च, 2022 तक कार्य किया है।

(a) राजस्थान के मुख्य न्यायाधीश
(b) राजस्थान के राज्यपाल
(c) अल्पसंख्यक आयोग के निदेशक
(d) अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष

RPSC Prayogshala Sahayak (Vigyan) 28-06-2022

Ans. (a) : 12 अक्टूबर 2021 से 6 मार्च 2022 तक राजस्थान के मुख्य न्यायाधीश के पद पर न्यायमूर्ति अकिल कुरैशी ने कार्य किया। इसके पूर्व वे त्रिपूरा हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश थे। वर्तमान में राजस्थान के मुख्य न्यायाधीश मनिन्द्र मोहन श्रीवास्तव है।

96. राजस्थान उच्च न्यायालय में न्यायाधीश के कितने पद स्वीकृत हैं?

(a) 40 (b) 50
(c) 60 (d) 65

RPSC Kanishta Abhiyanta (Y.V.) 20-05-2022, Shift-II

Ans. (b) : राजस्थान उच्च न्यायालय में 50 माननीय न्यायाधीशों के पद स्वीकृत है। राजस्थान उच्च न्यायालय अध्यादेश, 1949 द्वारा राजस्थान उच्च न्यायालय का उद्घाटन जोधपुर में किया गया। राजस्थान हाईकोर्ट की एक बेंच जयपुर में है।

97. फरवरी 2022 में न्यायाधीश मुनीश्वर नाथ भण्डारी को .... हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया गया–

(a) मुम्बई (b) मद्रास
(c) दिल्ली (d) जोधपुर

Lab Asst. (Science) (II Step) 29.06.2022 Shift-I

Ans. (b) : फरवरी 2022 में मुनीश्वर नाथ भंडारी को मद्रास हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किया गया। उल्लेखनीय है कि मुनीश्वर नाथ भंडारी 22 नवंबर, 2021 को मद्रास उच्च न्यायालय का कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया गया था। इससे पूर्व वह राजस्थान व इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश रह चुके हैं।

98. राजस्थान उच्च न्यायालय के नए मुख्य न्यायाधीश के रूप में किसे नियुक्त किया गया है?

(a) अकील कुरैशी (b) राघवेंद्र सिंह चौहान
(c) मोहम्मद रफीक (d) इनमें से कोई नहीं

मोटर वाहन उप-निरीक्षक -2021 (Paper-I)

Ans. (*) – प्रश्नकाल के दौरान राजस्थान उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति अकील कुरैशी (12/10/2021-06/03/2022) थे। वर्तमान में राजस्थान उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के रूप में न्यायमूर्ति पंकज मित्तल को नियुक्त किया गया है।

99. राजस्थान उच्च न्यायालय के निम्नांकित न्यायाधीश में से कौन अन्य राज्यों के उच्च न्यायालय में मुख्य न्यायमूर्ति नहीं रहा है?

(a) राजेश बालिया (b) प्रकाश टाटिया
(c) एन.एन.माथुर (d) नगेन्द्र कुमार जैन

RPSC SI 03-09-2021